हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 19 जून 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

02 ग्रामसभा में लोग जो कहेंगे सरपंच उस पर अमल करेगा...



02 युक्तियुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेस की शिक्षा न्याय....





## खबर संक्षेप

### संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आज

**जगदलपुर।** आयुक्त डोमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 19 जून को होगी। बैठक पहले 18 जून को आयोजित होनी थी जिसे अपरिहार्य कारणों से अब 19 जून को 12 बजे जिला कार्यालय बस्तर के प्रेरणा सभाकक्ष में किया गया है ।

### अजा एवं अजजा वर्ग के आवेदकों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** अध्यापन सह मार्गदर्शन केंद्र आड़ावाल द्वारा जिले के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के आवेदकों को निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं मुद्र लेखन ) दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन परीक्षा मंडल के द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षा में भाग लेने वाले आवेदक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कार्यालय में आकर निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। उक्त मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा उत्तीर्ण होने पर उन्हे प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जुलाई से प्रारंभ की जाएगी।

### हरित योग आधारित थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**जगदलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को योग संगम एवं हरित योग के साथ-साथ एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य आधारित थीम पर किया जाना है। जिसमें जिला स्तर पर प्रियदर्शनी स्टेडियम जगदलपुर में सुबह 7 से 8 बजे तक किया जाना है। यहां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है, जिसका उददेश्य युवाओं के लिए योग को अधिक आकर्षक और रोचक बनाना है। लोगों को एक सुसंगत तरीके से प्रस्तुत करके युवाओं को भागीदारी को बढ़ाना एवं युवा अभ्यासियों के बीच सामुदायिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सासंस्कृति प्रदर्शनों को एकीकृत करेगा। यह सोशल मीडिया के माध्यम से भागीदारी को बढ़ावा देने लोगों को योग के लाभों के बारे में जानकारी दी जाएगी। जिला प्रशासन के द्वारा योग दिवस के अवसर पर जिले से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग दिवस का आयोजन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के द्वारा प्रोटोकाल के अनुसार योग करवाया जाएगा। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों को दिव्यांगजनो, उभयलिंगी व्यक्ति, वंचित समूह तथा समस्त आयु वर्ग की महिला व पुरुष को उपस्थित होकर योग दिवस को सफल बनाने हेतु सहभागी बनने कहा गया।

### पीड़ित परिवार को 4 लाख की मिली आर्थिक सहायता

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ति परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बस्तर ग्राम घाटलोहंगा निवासी दीनमनी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्री नवलदई को 4 लाख लाख रूपए की आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी गई है।

### शराब पीकर सहायक शिक्षक स्कूल पहुंचा, निलंबित

**जगदलपुर।** प्राथमिक शाला टिंकापारा मधोता स्कूल के सहायक शिक्षक पुरन सिंह नाग को शराब पीकर शाला में उपस्थित पाये जाने के कारण छग सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के तहत दोषी पाये जाने के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड बस्तर होगा। जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर ने कहा यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# पास-फेल के फेर में 2000 विद्यार्थियों ने द्वितीय सेमेस्टर में नहीं कराया पंजीकरण

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्रशासनिक लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय अध्ययनशालाओं में नई शिक्षा नीति 2020 को सत्र 2024-25 से लागू किया गया। किंतु शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में इसके क्रियान्वयन में भारी लापरवाही बरती गई, जिससे हजारों छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने समय पर छात्रों को आवश्यक जानकारी प्रदान नहीं की, जिससे वे अपने शैक्षणिक निर्णय लेने में असमर्थ रहे। विश्वविद्यालय द्वारा नवंबर 2024 के बाद नई शिक्षा नीति के जागरुकता कार्यक्रम आयोजित नहीं किए गए, जबकि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश था कि इस विषय पर कार्यशालाओं एवं मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन किया जाए। उक्त कथन के आरोप एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष आदित्यसिंह बिसेन ने लगाया।बिसेन के अनुसार अकैडमिक अनियमितताओं के कारण छात्रों को हुए नुकसान रिजल्ट विवाद प्रथम सेमेस्टर के परिणामों में पास और फेल अंकित किया गया, जिससे छात्रों में भ्रम की स्थिति बनी। लगभग 1500 से 2000 छात्रों ने द्वितीय सेमेस्टर में पंजीकरण नहीं कराया। पुस्तकालय संसाधन की कमी आवश्यक पाठ्य पुस्तकों की खरीद में देरी हुई, जिससे अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के हजारों छात्र प्रभावित ▶▶| शेष पेज 2 पर



### स्किल एन्हांसमेंट कोर्स की अनदेखी

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी के अनुसार परीक्षा शुरू होने के मात्र 7-10 दिन पूर्व ही छात्रों ने एसीसी विषय का चयन किया,जिससे उनकी तैयारी पर गंभीर असर पड़ा। विश्वविद्यालय प्रबंधन से एनएसयूआई ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के प्रशासन की अकैडमिक लापरवाही एवं छात्रहित विरोधी रवैये के कारण बस्तर क्षेत्र के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को गंभीर शैक्षणिक हानि हुई है। बिसेन ने कहा हम मांग करते हैं कि विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई की जाए,ताकि छात्रों को न्याय मिल सके।

## दिनेश के सरेंडर का खामियाजा मासूम छात्रों को उठाना पड़ा

# नक्सलियों ने मासूमों के अरमानों का घोटा गला, अफसर बनने की ख्वाहिश हुई खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव व डीवीसी मेंबर दिनेश मोड़ियम व उसकी पत्नी के समर्पण का खामियाजा दो मासूम छात्रों व उनके रिश्तेदारों को तब उठाना पड़ा, जब नक्सलियों ने उनका अपहरण कर हत्या कर दी। नक्सलियों ने दोनों मासूम छात्रों की हत्या ही नहीं की, बल्कि उनके अरमानों का भी कत्ल कर दिया।

■ तीन चिताएं एक साथ सजाकर ग्रामीण कर रहे शवों का इंतजार

गौरतलब है कि मंगलवार को नक्सलियों ने आत्मसमर्पित नक्सली गंगालूर एरिया कमेटी के सचिव व डीवीसी मेंबर दिनेश मोड़ियम के रिश्तेदारों समेत दर्जन भर ग्रामीणों को अगवा कर लिया था। इनमें तीन लोगों की हत्या कर दी गई, जबकि अन्य की बेरहमी से पिटाई कर छोड़ दिया गया। बुधवार को तीनों मृतकों के शवों को जिला मुख्यालय बीजापुर लाया गया है, जहां उनके पीएम के बाद गुरूवार को शव परिजनों को सौंपा जाएगा। नक्सलियों ने जिनकी हत्या की, उनमें 13 वर्षीय नाबालिग अनिल माड़वी भी था, जो सातवीं का छात्र था और पढ़ लिखकर कुछ कर गुजरने की ख्वाहिश थी, तो वहीं 20 वर्षीय सोमा मोडियम आबकारी निरक्षक की तैयारी कर रहा था और दोनों ही पढ़ाई में अव्वल थे तथा देश सेवा का उनमे कूट कूटकर जज्बा भरा हुआ था। जिस गांव से दिनेश जैसा दुर्दांत माओवादी जन्मा उसी गांव से सोमा ने एनसीसी ज्वाइन कर राष्ट्र के प्रति समर्पण की मिसाल पेश की थी, लेकिन नक्सलियों के हाथों ना सिर्फ उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ी, बल्कि उनके अरमान भी दफन हो कर रह गए। इस घटना के बाद गांव में सिर्फ मातम ही नहीं पसरा है, बल्कि दहशत ने अपना घर बना लिया है।





### तीन चिताएं सजाकर शवों का कर रहे इंतजार ग्रामीण व परिजन



नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने के बाद तीनों के शवों को उनके गांव पेद्दाकोरमा से जिला मुख्यालय बीजापुर लाया जा चुका है। ग्रामीण व परिजनों ने एक साथ तीन चिताएं सजाकर रखी है और शवों के आने का इंतजार कर रहे है। जानकारी के मुताबिक गुरूवार को तीनों शवों के पीएम के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा। इसके बाद एक साथ तीनों का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बैंक पर लगाया गया 2.50 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा बुधवार को एक प्रकरण में शहर के भारतीय स्टेट बैंक कलेक्ट्रेट शाखा द्वारा आवेदकगण को 2 लाख 50 हजार रुपए का जुर्माना और मानसिक क्षति हेतु 5 हजार देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया है।

■ जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार शहर निवासी सरोज देवी और अखिलेश कुमार चौहान द्वारा भारतीय स्टेट बैंक की कलेक्ट्रेट शाखा से होम लोन की सुविधा प्राप्त की गई थी। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा होम लोन प्रदान करने हेतु आवेदकगण की अचल संपत्ति की दस्तावेज अपने अधिपत्य में रखे गए थे। आवेदकगण द्वारा होम लोन की ईएमआई की राशि का संपूर्ण भुगतान करने के उपरांत भी 30 दिनों की अवधि के भीतर भूमि से संबंधित दस्तावेज आवेदकगण को प्रदान नहीं किए गए थे। आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश करने के पश्चात भूमि संबंधी दस्तावेज, बैंक द्वारा आवेदकगण को प्रदान किए गए थे। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक गण द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि भारतीय स्टेट बैंक एक बैंकिंग संस्थान है। बैंकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 तथा रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एक्ट 1934 एवं रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा प्रदत दिशा निदेर्शों का पालन करना बैंक का दायित्व है। इसके अनुसार ऋण अदाएगी के ▶▶| शेष पेज 2 पर

# मांगों को लेकर कर्मचारियों ने रैली निकालकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर बुधवार को कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री तथा मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। बस्तर जिले के समस्त विकासखंडों बकावंड, बस्तर, तोकापाल, बस्तानार, दरभा, लोहंडीगुड़ा में अनुविभागीय अधिकारी को तथा कलेक्टर को सौंपा। मांगों का निराकरण नहीं होने पर आगामी जुलाई माह के अंतिम सप्ताह में रायपुर में जंगी प्रदर्शन करने का ऐलान किया है।

■ अनुभाग स्तर पर भी किया गया आंदोलन

तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव, प्रांतीय उपाध्यक्ष टारजन गुप्ता,संभाग अध्यक्ष



अतुल शुक्ला, बस्तर जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव तथा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारी आज दोपहर 1 बजे पानी टंकी के पास एकत्रित होकर कलेक्ट्रेड चौक में अपनी मांगों के लिए जोरदार नारेबाजी की। रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय में जाकर 14 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर बस्तर एम चन्द्रा को सौंपा। 14 सूत्रीय प्रमुख मांगों में कर्मचारियों तथा पेंशनरों को 1 जनवरी 2025 से बकाया 2 प्रतिशत महंगाई भत्ता का अभिलंब भुगतान,वर्तमान में शिक्षकों के ▶▶| शेष पेज 2 पर

# नारायणपुर को महाराष्ट्र से जोड़ने एनएच कर रहा निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से नारायणपुर से महाराष्ट्र से जोड़ने आकाबेड़ा के करेलघाटी को काटा गया। राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य में जुटे हुए हैं। नारायणपुर से आकाबेड़ा तक 17 किमी में घाटी लगभग 93.07 करोड़ की लागत से घाटी काटकर ऐसी जगह पर सड़क बन रही है, जिससे आसानी से वाहन आना-जाना हो सके। अब सड़क बन जाने से न सिर्फ ग्रामीण, बल्कि स्कूली छात्र-छात्राएं बेहद खुश रहेंगे, सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। एनएच के एसडीओ आदि ने समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण कर रहे है, जिसके चलते ठेकेदार की ओर से राष्ट्रीय राजमार्ग का जोर-शोर से निर्माण कर रहे हैं।



### ठेकेदार को दिए निर्देश

*राष्ट्रीय राजमार्ग कोंडागांव उप संभाग के एसडीओ जीएस शोरी ने बताया कि निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया है। ठेकेदार को निर्देश दिया कि इस सड़क का निर्माण कार्य समयसीमा पर पूरा करें।*

# सार्वजनिक स्थलों में शराब परोसने के विरोध में युवा कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर में विभिन्न ढाबों, होटलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर नियमों की अनदेखी कर खुले आम शराब परोसी और पी जा रही है। यह स्थिति न केवल आबकारी नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी जन्म दे रही है। युवा कांग्रेस बस्तर लोकसभा समन्वयक आदित्य सिंह बिसेन ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार एक तरफ हजारों स्कूलों को बंद करके छात्रों को शिक्षा से वंचित कर रही है। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ को मदिरालयगढ़ बनाने में लगी हुई प्रदेश में 67 से ज्यादा नए सहाराब के दुकान खोलने का निर्णय लिया है यह फैसला अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। जगदलपुर शहर में निर्धारित समय सीमा से अधिक समय तक बार संचालकों द्वारा शराब परोसी जा रही है। बार बंद होने के बाद भी शराब की आपूर्ति देर रात 2 बजे तक जारी रहती है। जिससे सामाजिक और कानून व्यवस्था पर गंभीर खतरा मंडरा रहा ▶▶| शेष पेज 2 पर

■ अवैध शराब बिक्री और पीने पर सख्त कार्रवाई की मांग



### उचित कार्रवाई नहीं तो होगा आंदोलन

युवा कांग्रेस के बस्तर लोकसभा समन्वयक आदित्यसिंह बिसेन ने चेतावनी देते कहा कि यदि आबकारी विभाग द्वारा जल्द ही हमारी सभी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो युवा कांग्रेस आने वाले समय में आबकारी विभाग की अर्थी निकालेगा। साथ ही उग्र आंदोलन करने बाध्य होगा।

## राज्यपाल रमेन का बीजापुर में पहली बार हुआ आगमन

# बीजापुर जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्र में हुए कार्य सराहनीय : डेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले में प्रथम बार राज्यपाल का आगमन हुआ। रमेन डेका पहले राज्यपाल हैं जो बीजापुर जिले के प्रवास पर आए विकास कार्यों का अवलोकन सहित जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली।

■ राज्यपाल ने जिले के विकास कार्यों का किया अवलोकन एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में बीजापुर के दूरस्थ क्षेत्रों में शासन की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कराने में होने वाली कठिनाईयों, स्थापित सुरक्षा कैम्प माओवाद प्रभावित क्षेत्र एवं पहुंचविहीन क्षेत्रो के बारे में कलेक्टर संबित मिश्रा ने पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण देते हुए अवगत कराया। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव ने माओवादी घटनाओं, आत्मसमर्पित नक्सली एवं उनके पुनर्वास की जानकारी दी। विभागवार समीक्षा करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने बीजापुर में व्याप्त कठिनाइयों के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा जनहित के कार्यो तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर जिला प्रशासन की सराहना की। बिहान समूह के महिलाओं के आजिविका गतिविधियों को सुनकर खुशी जाहिर की आजिविका से जुड़ी महिलाओं ने शासन के योजनाओं से जुड़कर अपनी आर्थिक गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। बीजापुर जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्र में शिक्षा, रोजगार, कौशल विकास के साथ-साथ लोगो को समुचित रूप से योजनाओं से लाभान्वित कर उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने पर जोर दिया। गारमेंट फैक्ट्री में नक्सल पीड़ित परिवारों को रोजगार देने की योजना की सराहना करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर सृजित करें। जल संचयन हेतु चेकडेम, स्टाप डेम, अमृत सरोवर जैसे स्ट्रक्चर से जल स्तर पर व्यापक सुधार लाने हेतु कार्य योजना बनाकर काम करने को कहा एवं जिले के जल स्तर को बढ़ाने के लिए आवश्यक पहल करने की बात कही। जैविक कृषि के लिए ▶▶| शेष पेज 2 पर





### शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने की पहल कारगर

जिला प्रशासन द्वारा शाला त्यागी बच्चों को स्कूल से जोड़ने की पहल को कारगर बताते हुए कहा कि शिक्षा का महत्व हर पालक समझे इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य करना आवश्यक है ताकि हर बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सके। जिले में विकास कार्यो में आने वाली बाधाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए शासन के योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आकांक्षी जिला के रूप में बीजापुर जिले की उपलब्धि एवं विभिन्न पैरामीटर में किए गए कार्यो की समीक्षा करते हुये कहा कि जिले के समग्र विकास के लिए अपना शतप्रतिशत दें।

# उपज की आवक नहीं, मंडी के पंजीकृत हमाल कर रहे खेती- किसानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के 11 मंडियों में इन दिनों बारिश के चलते उपज की आवक नहीं हो रही है। इससे मंडी में पंजीकृत हमालों को परिवार को पालने की चिंता होने से मंडी पलायन कर ग्रामीण क्षेत्र में जाकर खेती किसानी कर रहे हैं। कुछ हमाल संभागीय मुख्यालय स्थित संजय मार्केट में व्यापारियों के दुकानों में हमाली कर रहे हैं। हमालों ने बताया कि मंडी में जुलाई से सितंबर तक उपजों आवक नहीं हो रही है, इससे परिवार पालने रोजी रोटी से अंदरूनी क्षेत्र के खेतों में मजदूरी कर बच्चों का पालन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में मंडी प्रशासन की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की जाती है, जिससे हमाल परेशान हैं। हालांकि बताया जा रहा है कि 11 मंडी क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार के उपमंडियों में पुराने धान एवं मक्का हो रही है, जिससे मंडी की आय मिल रही है, पर मंडी परिसर वीरान हो गई है।

■ हमालों ने कहा परिवार पालने के लिए कर रहे खेतों में मजदूरी




### मंडी की हो रही आय प्रभावित

कृषि विपणन मंडी बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि बारिश के दौरान मंडियों में उपज की आवक नहीं होती। इससे मंडी की आय प्रभावित हो रही है।

खबर संक्षेप



## पूर्व सैनिकों की अनूठी पहल : फोर्स भर्ती के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू

**कोण्डागांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव द्वारा युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। परिषद के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा के निर्देशन में तथा जिलाध्यक्ष सुरज यादव के मार्गदर्शन में पूर्व सैनिक राकेश धीवर बीते तीन महीनों से नगर सेना एवं जिला बल की लिखित परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग चला रहे हैं। यह कोचिंग केवल अकादमिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें पूर्व सैनिकों द्वारा सैन्य अनुशासन, प्रेरणा, व आत्मविश्वास की भावना का भी संचार किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य कोंडागाँव जिले से ज्यादा से ज्यादा युवाओं का फोर्स में चयन सुनिश्चित करना है। परिषद ने उन सभी युवक–युवतियों से अपील की है जिन्होंने नगर सेना एवं जिला बल की फिजिकल परीक्षा पास कर ली है, वे इस निःशुल्क कोचिंग का लाभ उठाएं और अपनी लिखित परीक्षा की तैयारी मजबूत करें।

## आवास प्लस 2.0 सर्वे की समयसीमा अब 26 जून तक

**कोण्डागांव।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे की समय–सीमा अब 26 जून तक बढ़ा दी गई है। जिन पात्र परिवारों का अब तक सर्वे नहीं हो पाया है, वे इस नई तारीख तक सर्वे कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा आवास प्लस मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से शेष बचे परिवारों की पहचान के लिए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश जारी किए गए हैं। यह विस्तार उन ग्रामीण परिवारों के लिए सुनहरा अवसर है जो अभी तक इस योजना से वंचित रह गए हैं।

# खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से करें संचालित, किसानों की ना हो असुविधा

### जिले में योग दिवस की तैयारी, प्रधानमंत्री आवास और मक्का खरीदी पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समयसीमा बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को पात्र हितग्राहियों को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराने और निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित द्वारा इथेनॉल उत्पादन के लिए की जा रही मक्का खरीदी की तैयारियों की भी समीक्षा हुई। कलेक्टर ने किसानों को असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने को कहा। किसानों से प्रति एकड़ 10 क्विंटल मक्का खरीदी जाएगी, जिसके लिए टोकन वितरण की व्यवस्था की गई है। किसान टोकन कोंडागांव, दहीकोंगा, माकड़ी, अमरावती, फरसगांव, बड़ेडोगर, केशकाल, धनोरा, बड़ेराजपुर और सलना स्थित लैम्प्स से प्राप्त कर सकेंगे।

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को टोकन वितरण केंद्रों का निरीक्षण कर प्रक्रिया को सुचारू बनाने के निर्देश दिए। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, ट्राइबल विभाग द्वारा आयोजित शिविरों की समीक्षा करते हुए जनजातीय वर्ग को केंद्र और राज्य की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के निर्देश दिए गए। एक पेड़ माँ के नाम अभियान, सभी विभागों को इस अभियान के तहत पौधरोपण के लिए पौधों की संख्या की सूची वन विभाग को उपलब्ध कराने को कहा गया, ताकि समय पर पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।



### नियमित रुप से हेल्थ सेंटरों का निरीक्षण करें

स्वास्थ्य सेवाएं, कलेक्टर ने अधिकारियों को नियमित रूप से हेल्थ सेंटरों का निरीक्षण करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी गर्भवती महिला को स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न किया जाए और सुरक्षित प्रसव की सुविधा नजदीकी हेल्थ सेंटर पर ही मिले। लापरवाही पाए जाने पर सीएचओ और आरएचओ के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बाढ़ नियंत्रण और सड़क सुरक्षा, आगामी मानसून को देखते हुए जिले में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। कलेक्टर ने सड़क और पुल–पुलियों की स्थिति का पूर्व आंकलन कर संभावित जलभराव वाले स्थानों को चिन्हित करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को ओवरलोड वाहनों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

### सामुदायिक भवन में पंचायती राज्य सशक्त और जागरुकता अभियान

# ग्रामसभा में लोग जो कहेंगे सरपंच उस पर अमल करेगा, उसे कोई नहीं काट सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंडागांव/फरसगांव

जिले के फरसगांव नगर के सामुदायिक भवन में बुधवार को अखिल भारतीय पंचायत परिषद के तत्वधान में पंचायती राज्य सशक्त एवं जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंचायत परिषद दिल्ली बालमीकि प्रसाद, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष पंचायत परिषद दिल्ली नीतीश द्विवेदी और प्रदेश अध्यक्ष पंचायत परिषद छत्तीसगढ़ अभिषेक गुप्ता पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम की शुरुआत करने से पहले सभी उपस्थित जनो ने अहमदाबाद मे हुईं एयर इंडिया विमान दुर्घटना मे जान गंवाने वाले सभी यात्रियों व अन्य मृत आत्माओं की शांति के लिये दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसके बाद अतिथियों ने उपस्थित लोगों को पंचायत परिषद में पंचायती राज्य को सशक्त और जागरूक बनाने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।



### पहले का और अभी का बस्तर दूसरा है: बालमिकि प्रसाद

अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष बालमिकि प्रसाद ने कहा बस्तर में 30 साल पहले आया था। अभी दूसरी बार बस्तर आया हूं, लेकिन आज दूसरा बस्तर नजर आ रहा है। 1996 में सरकार से लड़के मैंने आदिवासी क्षेत्र में जो पंचायत का जो पास्ता सुदूर पंचायत घोषित कराया। उसी पंचायत में असीम अधिकार है ग्राम सभा को। उस ग्रामसभा में किसी भी अधिकारी कर्मचारी को बोलने का अधिकार नहीं है। ग्राम सभा के लोग जो कह देंगे ग्राम पंचायत का सरपंच उस पर अमल करेगा, उसे कोई नहीं काट सकता है। यह अधिकार संविधान ने दिया है। उस अधिकार सरकार सही ढंग से लागू कर दे तो बस्तर का क्षेत्र एक अग्रणी भूमिका में आगे आएगा देश के विकास के लिए।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व कलेक्टर संरक्षक अशोक अग्रवाल, युवा प्रदेश सचिव पंचायत परिषद छत्तीसगढ़ के कामेश्वर साहू, कोंडागांव जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिन्हा, सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष झाड़ी राम सलाम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुकलाल मरकाम सहित क्षेत्र के सरपंच व ग्रामीण जैन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### परिषद का उद्देश्य ग्राम पंचायत का बेहतर विकास हो: अभिषेक

अखिल भारतीय पंचायत परिषद युवा प्रकोष्ठ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता ने कहा, आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद के जिला कोंडागांव के फरसगांव में जनपद स्तरीय सम्मेलन था। पंचायती राज्य मजबूत करने को लेकर हम लोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। सशक्त और आत्मनिर्भर पंचायत बनाने की और हम लोग पंचायतों को विकसित करने के लिए हम लोग राज्य शासन और केंद्र शासन से बीच-बीच में पंचायत के हित में बेहतर क्या हो सकता है। उसके लिए हम लोग अखिल भारतीय पंचायत परिषद के माध्यम से मांग करते हैं जिससे की पंचायत का विकास बेहतर हो सके।

### ग्राम सभा को मजबूत करने का काम करता है परिषद: नितीश द्विवेदी

अखिल भारतीय पंचायत परिषद युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितीश द्विवेदी ने कहा हमारे देश में तीन सरकार बनाया गया है, ग्राम सभा, विधानसभा और लोकसभा। लेकिन हमारा अखिल भारतीय पंचायत परिषद ग्राम सभा को मजबूत करने का काम करता आ रहा है। प्रदेश में सबसे ज्यादा सरपंच की संख्या ज्यादा है जिसमें करीब 11000 हजार से अधिक सरपंच हैं, वहीं विधानसभा में 90 विधायक है और 11 सांसद है। सरपंचो कि संख्या ज्यादा है वहीं राजा होना चाहिए ऐसा मेरा मानना है।



## एनएच 30 में खड़े ट्रक से टकराया माजदा, एक युवक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 सड़क हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। हर दिन कोई न कोई दर्दनाक सड़क हादसे हो रहा है। प्रशासन जागरुकता के बाद भी सड़क हादसों में कमी लाने में नाकाम साबित हो रही है। हादसे को कई लोगों की जान जा रही है तो अनेकों लोग गंभीर रूप से घायल हो रहे है। मंगलवार की सुबह करीब 4:30 बजे नेशनल हाईवे 30 बोरगांव के पास फिर एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में रोड में एक खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 21 एफ 9863 के पीछे रायपुर की ओर जा रहे माजदा वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूं सी 4751 टकरा गई। हादसे में माजदा वाहन का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। माजदा में बैठे नीरज विश्वकर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी लालपुर रायपुर और मनीष ध्रुव उम्र 23 वर्ष निवासी माना टेमरी घायल हो गए।

फरसगांव थाना पुलिस ने दोनों घायलों को फरसगांव अस्पताल पहुंचाया, जिसके बाद दोनों को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। जहां जिला अस्पताल में उपचार के दौरान नीरज विश्वकर्मा की मौत हो गई। माजदा वाहन में चेन्नई से आम भरकर रायपुर ले जा रहे थे और हादसा हो गया।

## इथेनॉल निर्माण के लिए मक्का खरीदी के दिशा-निर्देश जारी

**कोण्डागांव।** माँ दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित, कोण्डागांव ने इथेनॉल निर्माण के लिए मक्का खरीदी प्रक्रिया हेतु दिशा–निर्देश जारी किए हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों से प्राप्त आवंटन के आधार पर समिति को 25,000 क्विंटल मक्का की आवश्यकता है, जिसकी खरीदी संस्था के अंशधारी किसान सदस्यों से की जाएगी। मक्का की खरीदी भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 प्रति क्विंटल पर की जाएगी। इसके अतिरिक्त किसानों को प्रोत्साहन राशि के रूप में विकासखण्ड अनुसार अतिरिक्त भुगतान भी किया जाएगा। कोण्डागांव एवं माकड़ी के लिए 40 रुपए प्रति क्विंटल, फरसगांव के लिए 50 रुपए प्रति क्विंटल तथा केशकाल एवं बड़ेराजपुर के किसानों को 60 प्रति क्विंटल अतिरिक्त दिया जाएगा। सभी अंशधारी किसानों को समान अवसर मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए प्रति एकड़ अधिकतम 10 क्विंटल मक्का ही खरीदी जाएगी।

### टोकन वितरण और आवश्यक दस्तावेज

मक्का विक्रय के लिए टोकन वितरण 19 जून से सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जिले के पाँचों विकासखंडों में चिन्हित 2–2 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों से टोकन वितरित किए जाएंगे। ये केंद्र कोण्डागांव, दहीकोंगा, माकड़ी, अमरावती, फरसगांव, बड़ेडोगर, केशकाल, धनोरा, बड़ेराजपुर, सलना स्थित लैंप्स हैं। टोकन प्राप्त करते समय किसानों को ऋण पुस्तिका, शेयर सर्टिफिकेट या शेयर क्रय की रसीद, आधार कार्ड और बैंक पासबुक की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। टोकन में किसान को मक्का विक्रय की तिथि एवं मात्र की स्पष्ट जानकारी दी जाएगी। मक्का की खरीदी केवल निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही की जाएगी। जिसमें न्यूनतम स्टार्च मात्र 58 प्रतिशत, अधिकतम नमी 14 प्रतिशत, काला मक्का 1.3 प्रतिशत तक बिना कटौती, अन्य अशुद्धियाँ 0.5 प्रतिशत तक,और टूटा हुआ मक्का 1 प्रतिशत तक अनुमत है।

न्यायालय तहसीलदार बस्तर,
जिला–बस्तर (छ.ग.)

उद्घोषणा

प्र.क्र. क/ब121/20 24–25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका झीपाली पति स्व. चमरूराम पटेल जाति पनारा निवास ग्राम बस्तर वर्तमान ग्राम बस्तर मृतक ग्राम बस्तर जहां मृत्यु दिनांक 25/06/2008 को चमरू पिता कमलू का मृत्यु हुआ होना बताया जाकर मृतक के संबंध रिश्ते आवेदिका मृतक चमरू को पति बताते हुए उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 21/06/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

मयूर डोंगर हायर सेकेंडरी स्कूल में संकुल स्तरीय बैठक

## ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था में इंटरनेट नेटवर्क की समस्या बनी बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शहर के मयूर डोंगर हायर सेकेंडरी स्कूल के सभा कक्ष में नए शैक्षणिक सत्र 2025–26 की पहली संकुल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न स्कूलों से आए शिक्षकों और संकुल प्रभारियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी रूप से संचालित करना और वर्तमान समय में सामने आ रही समस्याओं पर विचार करना रहा। बैठक की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य मुकेश सेमसन एवं संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान ने की।बैठक में सबसे प्रमुख रूप से मोबाइल नेटवर्क की समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की गई।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में शैक्षणिक कार्योंर् में अधिकांश प्रक्रियाएँ ऑनलाइन हो चुकी हैं। विशेष रूप से पुस्तक वितरण प्रणाली को अब बारकोड स्कैनिंग से जोड़ा गया है, जिससे छात्रों को डिजिटल माध्यम से ट्रैक करके पुस्तकें वितरित की जाती हैं। प्रतिभागियों ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता के कारण ऑफिस के ऑनलाइन कार्य, दस्तावेजों का अपलोड, छात्र डेटा एंट्री जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इससे शिक्षकों को बार–बार समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह तकनीकी समस्या विद्यार्थियों की शिक्षा को भी प्रभावित कर रही है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि इस समस्या के समाधान के लिए संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखेंगे। तथा नेटवर्क सुधार की दिशा में शीघ्र कार्यवाही की माँग की जाएगी। संकुल स्तरीय यह बैठक न केवल शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के लिए दिशानिर्देशक सिद्ध हुई, बल्कि इससे स्कूलों की वर्तमान तकनीकी जरूरतों को उजागर करने का भी अवसर मिला। शिक्षकों ने एक स्वर में इस बात पर बल दिया कि जब तक आधारभूत सुविधाएँ नहीं होंगी, तब तक डिजिटल शिक्षा का लाभ विद्यार्थियों तक पूरी तरह नहीं पहुँच पाएगा।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद खान, यशवंत देवांगन, हेडमास्टर आनंद साहू, तिलक मौर्य, श्रीमती जगमती सोरी सहित कई अन्य शिक्षकों व संकुल समन्वयकों ने भाग लिया। अन्य प्रमुख शिक्षकों में इंद्रकुमार नाग, सुकालू मंडावी गोलावंड, राजूराम मरकाम, ललित साहू, संजीव तालुकदार, खेमेश्वर पटेल, श्रीमती रीता प्रधान, कु. दुलेश्वरी दर्रो, श्रीमती सुषमा पात्र एवं श्रीमती सारिका कश्यप आदि उपस्थित रहे।

## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ कांग्रेस की शिक्षा न्याय यात्रा

- बजरंगबली का आशीर्वाद लेकर कांग्रेसियों ने किया जोरदार प्रदर्शन
- शिक्षा व्यवस्था में बदलाव का विरोध
- प्रदर्शन के दौरान झड़प, एक कांस्टेबल को आया मिर्गी का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को शिक्षा के युक्तियुक्तकरण के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस भवन से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व पालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के घेराव के लिए निकले। रैली की शुरुआत बजरंगबली जी का आशीर्वाद लेकर की गई।

रैली जैसे ही उमरकोट नाका पहुंची, पुलिस ने बेरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। कार्यकर्ताओं ने युक्तियुक्तकरण बंद करो, नए शिक्षकों की भर्ती करो, बेरोजगारों के साथ न्याय करो जैसे नारों के साथ विरोध जारी रखा। लगभग 3–4 किलोमीटर पैदल मार्च करते हुए जैसे ही रैली रायपुर नाका के पास कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ी, प्रशासन ने कार्यालय तक पहुंचने के लिए पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। बावजूद इसके कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दमदारी से प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को हल्की चोटें आईं। वहीं एक पुलिस कांस्टेबल को मिर्गी का दौरा पड़ा, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने अस्पताल जाकर उसका हालचाल जाना। कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट कहा कि सरकार की नई शिक्षा नीति शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करेगी। 2008 की नीति के अनुसार जहां 21 शिक्षक थे, अब 11 कर दिया गया है। इससे न सिर्फ पढ़ाई प्रभावित होगी बल्कि रसोइया व स्वीपर जैसे हजारों सहायक कर्मचारी बेरोजगार होंगे।

### मोदी की गारंटी सिर्फ दिखावा : मरकाम

पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने कहा कि भाजपा ने सत्ता में आने से पहले 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा किया था, लेकिन अब वह वादा भी खोखला साबित हो रहा है। उल्टे स्कूल बंद किए जा रहे हैं और बेरोजगारी बढ़ रही है। पूर्व विधायक संतराम नेताम ने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि एक ओर स्कूलों को बंद किया जा रहा है और दूसरी ओर शराब दुकानों की संख्या बढ़ाई जा रही है। यह सरकार की प्राथमिकताओं का असली चेहरा है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा कि यदि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया वापस नहीं ली गई तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगी। यह आंदोलन अब पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा।

### कांग्रेस नेताओं की रही उपस्थिति

प्रदर्शन में राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम, पूर्व मंत्री मोहन मरकाम, पूर्व विधायक संत नेताम, देवचंद मतलाम, झूमूकलाल दीवान, रितेश पटेल, नरेंद्र देवांगन, गीतेश गांधी, सकुर खान, भारत देवांगन, गौतम साहू, राजेश नेताम, प्रवीण मिश्रा, राज मरकाम, छगेंद्र सिन्हा समेत हजारों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## पेज 3 के शेष

### पास-फेल के फेर में....

हुए। फर्जी प्रायोगिक कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रयोगात्मक कक्षाओं के बिना फर्जी प्रायोगिक रिकॉर्ड तैयार करवाए गए। इस लापरवाही में दोषी शहीद महेंद्र कर्मा विवि के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध उचित जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर डोमन सिंह को मांगपत्र सौपा। इस दौरान एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी,जशकेतन जोशी,हंसू नाग,कर्तव्य आचार्य दीपेश पाण्डेय,नरेंद्र राज साहू,पंकज कुमार केवट,शेक अयाज और ज्योतिराव सम्मलित थे।

### बैंक पर लगाया ....

30 दिनों के भीतर बैंक द्वारा अपने अधिपत्य में रखे गए दस्तावेजों को वापस दिया जाना है। आवेदकगण को भूमि से संबंधित दस्तावेज 30 दिनों के भीतर प्रदान न कर बैंक द्वारा सेवा में कमी एवं व्यावसायिक कदाचरण किया गया है। होम लोन की संपूर्ण अदायगी के पश्चात आवेदकगण को दस्तावेज दिए जाने में हुए विलंब की अवधि 50 दिनों के लिए प्रतिदिन 5 हजार रुपए की दर से 2 लाख 50 हजार का जुर्माना बैंक पर किया गया है। आवेदकगण को हुई मानसिक पीड़ा के लिए 5 हजार रुपए पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

### मांगों को लेकर ....

विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण की निष्पक्ष जांच,मध्य प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 240 दिनों के स्थान पर 300 दिनों के अवकाश नगदीकरण का लाभ। लिपिक-शिक्षक सहित अन्य संवर्गों की वेतन विसंगति दूर करने के लिए गठित कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने,प्रदेश के समस्त कर्मचारियों को चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान देने,उत्तर प्रदेश की भांति छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ देने,सभी संवर्गों की पदोन्नति करने,संविदा, दैनिक वेतन भोगी को नियमित करने तथा सेवा सुरक्षा की गारंटी, श्रम सम्मान निधि का भुगतान विभागों को प्रदान करने, आकस्मिक निधि से नियमित सेवा कर्मचारियों को अवकाश नगदीकरण का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से करने। शासकीय सेवकों को एक वर्ष के भीतर मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि देने। कर्मचारी संघ को मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता देने तथा बस्तर की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए स्कूलों का संचालन समय पूर्व की भांति सुबह 10. 30 से अपरान्ह 430 बजे करने की मांग प्रमुखता से रखी गई है।

ये रहे उपस्थित : इस दौरान गायत्री मरकाम, दुलेश्वरी जनस्वामी, चैती कश्यप,अनिल गुप्ता, रामप्रभाकर मिश्रा, मनोज महापात्र, सुभाष पांडे, प्रमोद पांडे, जीएल यादव, रवि नारायण, झामलाल कंवर, नवीन साहू ,सौरभ गौड़,मोतीलाल वर्मा, दिनेश रायकवार आदि उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक स्थलों में ....

है। साथ ही होटल एवं ढाबा संचालकों द्वारा शराब प्रेमियों को बिना लाइसेंस खुलेआम शराब परोसी जा रही है। इससे आबकारी विभाग और होटल व बार संचालकों की मिलीभगत की भी चर्चा है। सरकारी शराब दुकान परिसर में एवं अन्य शासकीय परिसर में खुले आम शराब पीने की घटनाएं हो रही है। ऐसी घटनाओं से आबकारी विभाग एवं प्रशासन की निषक्रियता का पता चलता है, इस सम्बन्ध में हमारे पास वीडियो एविडेंस भी उपलब्ध है।

ये रहे मौजूदः इस दौरान शहर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य,युका प्रदेश महासचिव सूरज कश्यप,युंका राष्ट्रीय प्रवक्ता जावेद खान,वरिष्ठ युका नेता रोहित पानीग्राही, युका जिला उपाध्यक्ष संदीप दास,युका जिला उपाध्यक्ष साइमा अशरफ,युका जिला महासचिव अनुराग महतो, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल खंबारी,एनएसयूआई प्रदेश महासचिव मनोहर सेठिया, ज्योति राव, एनएसयूआई प्रदेश सचिव उस्मान राजा समेत अन्य युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बीजापुर जैसे माओवाद ....

जनजागरूकता लाने लोगो के बीच जांए और उनके आमदनी को बढ़ाने के लिए प्रेरित करें। टीबी के रोकथाम, निक्षय मित्र के तहत पोषण किट प्रदाय कराने, टीबी के प्रति व्यापक स्तर पर जागरूकता लाने, जिले को टीबी मुक्त बनाने, बच्चों के शारिरिक, मानसिक विकास की ओर कार्य करने, जिले में बाल विवाह के प्रति स्थानीय स्तर पर जागरूकता लाने बाल विवाह के दुष्परिणाम से लोगो को अवगत कराने तथा टीकाकरण की प्रगति की जानकारी ली। एनसीसी के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें एनसीसी सेवा, समर्पण राष्ट्रीयता की भावना को विकसित करने के साथ-साथ अनुशासन की प्रेरणा देती है। वहीं शारिरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम बनाती है। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, ओएसडी शेखर, अपर कलेक्टर भूपेन्द्र अग्रवाल सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर : राज्यपाल को सर्किट हाऊस बीजापुर में पुलिस बल के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर संबित मिश्रा, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

एक पेड़ माँ के नाम के तहत किया पौधारोपण : राज्यपाल ने एक पेड़ माँ के नाम योजनान्तर्गत कलेक्टर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए प्रत्येक पेड़ की महत्व के बारे में बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम के तहत सभी अधिकारियों को कम से कम एक पेड़ लगाने उसका समुचित देख-रेख करने सहित अपने आस-पास के लोगों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने को कहा।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



TEAM CREATIVE

प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय | नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

**खबर संक्षेप**

### गाज गिरने से मृत्यु के प्रकरण में राशि स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा प्रबंधन से पीड़ति परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत गाज गिरने से मृत्यु के 1 प्रकरण में मृतक मुन्ना वाचम के निकटतम वारिस उनकी पत्नी मंगली वाचम निवासी ग्राम एड़कापल्ली तहसील कुटरू को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

### निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया 20 से

**दंतेवाड़ा।** जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के तहत जिले के अंतर्गत संचालित निजी स्कूलों के प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट, बीपीएल परिवारों (गरीबी रेखा के नीचे), अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अनाथ, दिव्यांग, एचआईवी पॉजिटिव तथा मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग लोगों के लिए आरक्षित रखी गयी है। जिसमें सत्र 2025-26 के लिए प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात द्वितीय चरण हेतु संलग्न सूची अनुसार विद्यालयवार रिक्त सीटों पर ऑनलाइन आवेदन 20 जून से 30 जून तक अंतिम तिथि निर्धारित किया गया है। जिसमें इच्छुक पालक अपने बच्चों का ऑनलाइन आवेदन आरटीआई के वेबसाइट जाकर ऑनलाईन भर सकते है।

### बच्चों को तिलक लगाकर कराया गया शाला प्रवेश



बस्तर। प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला खोरखोसा में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम महेन्द्र सिंह ठाकुर के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक ड्रेस एवं तिलक लगाकर किया गया। साथ ही संस्था प्रमुख युगल कौशिक, फ्रॉवेल जोशी, शंकर कश्यप पिलासिंग बघेल, रामबत्ती बघेल, रीता तिवारी द्रोपती ठाकुर देसमुख,पंच, सरपंच शामिल रहे।

### आवास प्लस सर्वे की अंतिम तिथि 26 को

बीजापुर। प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत छूटे हुए पात्र परिवारों को आवास प्लस 2024 के द्वारा जोड़ा जा रहा था जिसकी अंतिम तिथि 15 मई थी जिसमें उक्त तिथि तक 29434 परिवारों को जोड़ा गया था परन्तु बहुत से हितग्राही सर्वे से वंचित हो गए थे जिसे जिले से जिला पंचायत सीईओ हेमंत रमेश नंदनवार के द्वारा पत्र के माध्यम से सर्वे की तिथि बढ़ाने हेतु पत्र राज्य कार्यालय भेजा गया था जिसे राज्य सरकार के द्वारा स्वीकार कर सर्वे की तिथि बढ़ा कर 26 जून की गई है । उक्त बढ़े हुए तिथि का लाभ लेने और अपने आवास का सपना पूरा करने के लिए हितग्राहियों को अपील की गई है।

## प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन

# युक्तीयुक्तकरण के विरोध में बीईओ कार्यालय का किया घेराव







हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा

युक्तीयुक्तकरण को लेकर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश बाद कोंटा विकासखंड मुख्यालय में कांग्रेस

■ 45 हजार शिक्षकों के नियमित पद समाप्त हो जाएंगे

ने उग्र प्रदर्शन करते हुए बीईओ कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस ने युक्तीयुक्तकरण के विरोध में बस स्टैंड परिसर में धरना-प्रदर्शन कर बीईओ कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए ज्ञापन सौंपा और कहा कि राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार प्रदेश भर में 10463 स्कूलों को बंद किया जा रहा है जिससे 45 हजार शिक्षकों के नियमित पद समाप्त हो जाएंगे। साथ ही नए सेटअप के नाम पर शिक्षक-छात्र अनुपात को बढ़ाकर प्राथमिक स्तर पर 30 और माध्यमिक स्तर पर 35 छात्र प्रति शिक्षक कर दिया गया है। यह निर्णय शिक्षा और रोजगार दोनों के प्रति विरोधी है। एक शिक्षक से 18 कक्षाओं और 60 विद्यार्थियों को पढ़ाना असंभव होगा। हजारों रसोइया, स्वीपर और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिलाओं के रोजगार पर भी संकट आ जाएगा। बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बाधित होगी और ड्रॉपआउट दर बढ़ेगी। विद्यालयों को बंद करने का आदेश तत्काल स्थगित किया जाए। जिन विद्यालयों में छात्र संख्या कम है, वहां भी न्यूनतम दो शिक्षक अनिवार्य रूप से नियुक्त किए जाएं। तथा 45 हजार रिक्त शिक्षकीय पदों को समाप्त करने के स्थान पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाए। शिक्षा व्यवस्था को बचाने हेतु स्थानीय स्तर पर समन्वय बैठकों की शुरूआत की जाने की मांग करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

इस दौरान जिला कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी सुखराम यादव जिपं अध्यक्ष सोयम मंगम्मा जिपं सदस्य सोयम भीमा पूर्व जिपं उपाध्यक्ष बोड्डू राजा, पूर्व नपं उपाध्यक्ष मांड़वी देवा पूर्व दोरनापाल नपं अध्यक्ष बबीता मंडावी, कोंटा नपं अध्यक्ष मौसम जया, ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, सरपंच दयावति,कांग्रेसी नेता शेख मुनीर, पार्षद देवी विक्की कुमारी अंजु सूरज प्रियंका सत्ती सहित विधायक प्रतिनिधी जय प्रकाश वैदूउल्ला एनएसयूआई के छात्र नेता नामीर अली मौजूद थे। वहीं पुलिस सुरक्षा में थाना प्रभारी सहित टीम मौजूद थी।

## स्कूलों को बंद करने को लेकर कांग्रेस का हल्ला बोल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

युक्तियुक्तकरण बंद करो के जोशीले नारे के साथ बुधवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी बकावंड एवं करपावंड के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने अनुविभाग मुख्यालय बकावंड में रैली निकाल प्रदर्शन किया और खंड शिक्षा कार्यालय का घेराव कर दिया। जहां तहसीलदार को राज्यपाल के

■ रैली निकालकर किया शिक्षा कार्यालय का घेराव

नाम का ज्ञापन सौंप वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया।

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार निजी स्कूलों को बढ़ावा देने युक्तियुक्तकरण के तहत आदिवासी बहुल बस्तर जिले के 373 स्कूलों को बंद करने जा रही है जिसमे बकावंड ब्लाक के 55 स्कूल भी शामिल है। यह निर्णय आदिवासी बच्चों को उनके शिक्षा के हक से वंचित रखने का सुनियोजित षडयंत्र है ताकि बस्तर को कारपोरेट घरानों आसानी से बेचा जा सके। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार युक्तियुक्तकरण के नाम से प्रदेश में 10463 स्कूलों को सीधे बंद करने का निर्णय ले चुकी है जबकि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा 57 हजार शिक्षकों के रिक्त पद भरने का वादा कर सत्ता में आयी थी। अब भाजपा सरकार युक्तियुक्तकरण जैसी रोजगार विरोधी नीति से 45 हजार शिक्षकों के रिक्त पद को समाप्त करने जा रही है। इससे स्कूलों में भृत्य, रसोइया, स्वीपर, मध्यान भोजन बनाने वाली महिला, स्वसहायता समूह की महिलाओं के समक्ष जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो जायेगा। युक्तियुक्तकरण से शिक्षा में गुणवत्ता कभी नहीं आएगी, इससे शिक्षकों को इधर उधर कर परेशान करने का काम ही भाजपा सरकार कर रही है।

## राहत शिविर भवन का कलेक्टर ने लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गीदम अन्तर्गत बारसूर पर्यटन संबंधी निर्माण कार्यो का भी निरीक्षण किया गया। इस क्रम में कलेक्टर ने छोटे तुमनार एवं छिंदनार स्थित राहत शिविर भवन का अवलोकन करते

■ भवनों के देखरेख और जनकल्याणकारी बनाने के दिए निर्देश

हुए पंचायत प्रतिनिधियों से भवनों के समुचित देखरेख तथा उसे सामुदायिक हितों के अनुरूप उपयोगी बनाने को कहा। ग्रामीणों द्वारा इन भवनों में शाला संचालित किए जाने के संबंध में कलेक्टर ने इसके प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया। विद्युत संबंधित समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराये जाने पर कलेक्टर ने त्वरित समाधान की भी बात कही। इन भवनों में कही कही निर्माण संबंधित खामियां पर भी कलेक्टर ने ना खुशी जताते हुए विभागीय अधिकारियों को इन्हें दूर करने को कहा। इस निरीक्षण भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं सीईओ ने छिंदनार स्थित राहत शिविर भवन परिसर में क्रमशः नारियल और आम के पौधों का रोपण किया। इसके साथ ही कलेक्टर ने ग्राम छिंदनार के पंचायत भवन और आयुर्वेदिक औषधालय का भी निरीक्षण करते हुए यहां उन्होंने चिकित्सक से आयुर्वेदिक दवाइयों की उपलब्धता, उपचार प्रक्रिया की जानकारी चाही और यहां दवाइयों हेतु स्टाक रूम निर्माण के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके पश्चात कलेक्टर ने मुचनार स्थित होम स्टे का मुआयना करते हुए यहां पर्यटकों के दिए जाने वाले सुविधाओं के बारे में जाना। होम स्टे संचालक शुभम कुड़सामी ने उन्हें बताया कि इस वर्ष अब तक 180 पर्यटक यहां होम स्टे की सुविधा ले चुके है मौके पर कलेक्टर ने उन्हें होम स्टे सुविधा को और भी बेहतर बनाने तथा जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद करने की बात कही।

## राज्यपाल ने सेन्ट्रल लाईब्रेरी का किया अवलोकन





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

एक दिवसीय प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका बीजापुर शहर में स्थित सेन्ट्रल लाईब्रेरी का अवलोकन किया। इस दौरान सुदूर क्षेत्रों से कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षार्थियों से संवाद स्थापित कर उनके प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। जिसमें यामिनी गोरला, किरण साहू, संगीता हेमला एवं नियद नेल्लानार गांव के कुमारी स्वेता पुसपुल ने अपना अनुभव साझा किया।

राज्यपाल ने कहा कि आज के युग में कम्प्यूटर सभी क्षेत्रों के लिए आवश्यक है चाहे नौकरी हो या स्वयं का व्यवसाय, कम्प्यूटर ट्रेनिंग के पश्चात छोटे-छोटे व्यवसाय से आय अर्जित करने एवं व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन कर आय अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान राज्यपाल ने माईंड गेम, वीआर सेट का अवलोकन करते हुऐ जिला प्रशासन के इस अभिनव पहल की सराहना की और बच्चों से फोटो सेशन कराया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने सेन्ट्रल लाईब्रेरी में संचालित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान राज्यपाल के सचिव, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव

### टीबी मरीजों को पोषण आहार किट वितरित

राज्यपाल रमेन डेका का रेडक्रॉस सोसायटी के वालिंटियर्स ने आत्मीय स्वागत किया। जिला कार्यालय परिसर में विहान दीदीयों द्वारा आजिविका मिशन से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई थी जिसका अवलोकन कर उनके आर्थिक गतिविधियों की जानकारी ली। इस दौरान टीबी के 10 मरीजों को राज्यपाल ने प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत पोषण आहार किट प्रदाय किया और उनको अपने सेहत का ध्यान रखने दवाईयों का समय पर सेवन करने की समझाइस दी गई।

## परचनपाल में कक्षा छठवीं के लिए हुई प्रवेश परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोण्ड

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में प्राचार्य ए आर नोन्हारे के निर्देशन में 18 जून को कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन हुआ। कुल 177 छात्राओं द्वारा आवेदन किया गया था। जिसमें से 170 छात्राओं ने उपस्थित होकर परीक्षा दिए 07 छात्राएं अनुपस्थित रहे। इस संस्था में 35 सीट कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु रिक्त है। नियमानुसार प्राप्त मेरिट अंक के आधार पर छात्राओं की प्रवेश की कार्यवाही की जाएगी। चयनित छात्राओं को पृथक से मीडिया एवं समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाएगा तथा शाला के सूचना पटल पर भी मेरिट सूची एवं चयनित सूची 23 जून को चस्पा की जाएगी। पालक एवं छात्राएं उक्त का अवलोकन कर 30 जून 2025 तक प्रवेश संबंधी कार्रवाई पूर्ण कर सकेंगे। चयनित छात्राओ द्वारा 30 जून तक प्रवेश नहीं लेने पर प्रतीक्षा सूची में सम्मिलित छात्राओ को प्रवेश का समय दिया जाएगा। संस्था के सभी शिक्षक एवम स्टाफ द्वारा प्रवेश परीक्षा शान्तिपूर्ण एवम नियमानुसार सम्पन्न कराया गया।

## देपला एवं रामपुरम स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

विकासखंड के माध्यमिक शाला देपला, प्राथमिक शाला रामपुरम में धूमधाम से शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। तिमेड पंचायत के सरपंच लक्ष्मी वासम को मुख्य अतिथि एवं उपसरपंच रायपुर रमेश को कार्यक्रम का अध्यक्ष बनाया गया। विशिष्ट अतिथि वार्ड पंच एवं साई कुमार चेट्टी, रहे हैं। अतिथियों के द्वारा विद्या की आराध्य देवी मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर श्रीफल फोड़कर छत्तीसगढ़ी माता हारी (राज्य गीत) गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के प्रधान अध्यापक एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत सम्मान किया गया। अतिथियों के स्वागत में विद्यालय के नन्हे मुन्ने बाल कलाकारों के द्वारा स्वागत गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष रायपुर रमेश ने संबोधित करते हुए कहा है कि नव प्रवेश सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई दी ,और नव प्रवेश छात्र-छात्राओं को रोज विद्यालय मैं उपस्थित होकर अध्यापकों के बताए हुए मार्ग पर चलकर अच्छी विद्या अध्ययन कर देश के अच्छे नागरिक बनें और माता-पिता अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने में अपना सहभागिता निभाएं ,और अध्यापक गण छात्र छात्रों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि साई कुमार चेट्टी कहा है कि इस शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित पालकगण और समस्त विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं नव प्रवेश छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

विद्यालय के स्टाफ एवं अतिथियों के द्वारा नव प्रवेश छात्र-छात्राओं को बाजा गाजा के साथ विद्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राओं को फूल माला पहना कर तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर गणेश एवं पाठ्य पुस्तक देकर शाला में प्रवेश कराया गया।

## राजस्व मामलों को समय सीमा में निराकरण की करें पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि राजस्व से संबंधित प्रकरणों में शासन के प्राथमिकता वाले विषयों को समय-सीमा में निराकरण की पहल कर कार्य को पूर्ण करें।

■ कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करें और लंबित त्रुटि सुधार के मामले में पूर्व की रिकॉर्ड, पटवारी रिकॉर्ड, बसरा संशोधन की विस्तृत जानकारी तैयार करवाएं। साथ ही सभी राजस्व अधिकारी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए आवश्यक दस्तावेजों का विस्तृत जांच कर प्रमाण पत्र जारी करें। उन्होंने कहा कि राजस्व अमलों की कार्यदक्षता में वृद्धि के लिए तीन-तीन माह में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जाए।

कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में सभी राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने छोटे-बड़े झाड़ मद की भूमि की सर्वेक्षण की स्थिति, वन भूमि का रिकॉर्ड, किसान पंजीयन के आधार पर राजस्व रिकॉर्ड की स्थिति, राजस्व न्यायालय के प्रकरण, प्रक्रियाधीन भू-अर्जन के प्रकरणों पर कार्यवाही की स्थिति की समीक्षा की। इसके अलावा अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण के लंबित प्रकरणों,अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन समेत अन्य योजना की प्रगति की समीक्षा किए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## हाई स्कूल उलनार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शासकीय हाई स्कूल उलनार विकास खण्ड बकावण्ड में हर्षोल्लास से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच मधुसुदन नेताम रहे। जबकि विशिष्ट अतिथि में जनप्रतिनिधि एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य तुलसीराम बाघरे, एवं अभिभावक देवधन कश्यप, नंदलाल कश्यप, तुलसा बघेल की उपस्थिति में गरिमा पूर्ण ढंग से मनाया गया। शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित के साथ हुआ। नवप्रवेशी समस्त छात्र-छात्राओं को पारंपरिक ढंग से तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

प्राचार्या डॉ. श्रीमती श्रध्दा कोरे पवार ने बताया कि इस वर्ष परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा है, छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्था से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों के करकमलों से 'शील्ड' प्रतीक चिन्ह के रूप में पुरस्कृत कर चॉकलेट एवं स्वल्पाहार वितरण किया गया।

# छिंदबहार में उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

दरभा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में शिक्षा सत्र 2025- 26 का सफल संचालन एवं विभिन्न दायित्वों के निर्वहन हेतु प्राचार्य बुधराम कश्यप के द्वारा शाला के समस्त स्टॉफ की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्राचार्य कश्यप द्वारा सर्वप्रथम संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिका तथा समस्त कार्यालयीन स्टॉफ के नियमित रूप से शाला समय में उपस्थित होने एवं जाने के सम्बन्ध में बात रखा गया,चर्चा किया गया। जिस पर सभी लोगों ने सहमति जताई। इस प्रकार विभिन्न बिन्दुओं राज्य छात्रवृत्ति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र , जन्म प्रमाण पत्र बनाने तथा अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए विभिन्न दायित्वों की जिम्मेदारी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को सौंपा गया। शिक्षकों तथा कायार्लीन कर्मचारियों ने जिम्मेदारी पूर्वक अपने दायित्वों को निभाने, कर्तव्यों को समय पर पूर्ण करने हेतु दृढ़ संकल्पित हुए। प्राचार्य कश्यप ने बताया कि शाला प्रवेश उत्सव के अंतर्गत 16 जून से लगातार नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर, पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किए जाने की सिलसिला जारी है। बच्चों को पुस्तकें वितरण की जा रही है। बैठक के अंत में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी फरीदाबाद हरियाणा (दिल्ली) की ओर से मानद डॉक्टरेट उपाधि एवं यूथ आइकॉन अवार्ड दिल्ली द्वारा सम्मानित हुए संस्था के व्याख्याता लुदरसन कश्यप और तुलादास मानिकपुरी का प्राचार्य बुधराम कश्यप एवं शाला परिवार की ओर से हर्ष व्यक्त करते हुए पुष्पहार एवं पुष्प गुच्छ से सम्मान किया गया। साथ ही विनोबा एप से शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार उत्कृष्ट कार्य के लिए कलेक्टर बस्तर के हाथों सम्मानित संस्था के व्याख्याता एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी को भी सम्मानित किया गया। युक्तियुक्तकरण के तहत नवपदस्थ व्याख्याता गणित दीपक कुमार घोष जी का भी संस्था की ओर से स्वागत किया गया।

इस दौरान प्राचार्य बुधराम कश्यप, व्याख्याता झिरूराम मौर्य, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, दीनबंधु नाग, तुलादास मानिकपुरी, लुदरसन कश्यप, उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी,नोहर सिंह सलाम,प्रमोद यादव, दिनेश नाग, देवचन्द सेठिया, हेमंत मांझी, जार्ज फिलिप, जगन्नाथ समरथ आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

